भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता का न्यायालय, सरायकेला

टी० ए० मिस वाद संख्या 111A/2015-16

सालुका मुन्दुईया बनाम श्रीमति सुनिता बांकिरा

:: आदेश::

दिनांक	पदाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर	अभ्युक्ति
28.5.2018	अभिलेख उपस्थापित। बिक्रेता सालुका मुन्दुईया, पिता–स्व० विक्रम मुन्दुईया, ग्राम–खमारडीह, थाना–खरसावां, जिला–सरायकेला–खरसावॉ ने पारिवारिक खर्च हेतु क्रेता श्रीमति सुनिता बांकिरा, पिता–स्व० सुरा बांकिरा, ग्राम–खमारडीह, थाना–खरसावां, जिला–सरायकेला–खरसावॉ को निम्नांकित भूमि की बिक्री करने के लिए छोटानागपुर कस्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अंतर्गत अनुमति हेतु अनुरोध किये थे। न्यायालय द्वारा निर्गत सूचना एवं आवेदन का अंचल अधिकारी द्वारा कोई प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया। आवेदक पक्ष की ओर से कोई पैरवी या रुचि नहीं लिया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक का यथा आवश्यकता पूर्ण हो गयी है। अतः ऐसे स्थिति में वाद को निस्तार किया जाता है। आवेदक यदि चाहे तो पुनः आवेदन समर्पित कर सकते है। 28/05/18 भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सरायकेला।	